सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– **307**
25/03/2026

जलछाजन योजना से बदल रही ग्रामीण तस्वीर, 18 जिलों के 1.40 लाख से अधिक किसान हुए लाभान्वित, जल संरक्षण से बढ़ी उत्पादकता, ग्रामीण आजीविका को मिला नया आधार –राम कृपाल यादव

पटना, 25 मार्च 2026 :– माननीय कृषि मंत्री, बिहार, श्री राम कृपाल यादव ने कहा कि बिहार के वर्षा आश्रित जिलों में मिट्टी एवं जल संरक्षण को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाने और बंजर भूमि की उत्पादकता सुधारने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना – जलछाजन विकास 2.0 का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण, भूजल स्तर में वृद्धि और कृषि उत्पादन में बढ़ोतरी सुनिश्चित की जा रही है।

माननीय मंत्री ने बताया कि यह योजना राज्य के 18 जिलों–अरवल, औरंगाबाद, बांका, बक्सर, बेगूसराय, भागलपुर, भोजपुर, गया, जहानाबाद, जमुई, कैमूर, लखीसराय, मुंगेर, नालंदा, नवादा, पटना, रोहतास एवं शेखपुराकृमें संचालित की जा रही है, जिससे हजारों किसानों को सीधे लाभ मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के तहत अब तक 282 पक्का चेक डैम, 85 फार्म पॉन्ड, 600 जल संचयन तालाब, 583 साद अवरोधक बाँध, 832 आहर–पईन जीर्णोद्धार, 520 अर्दन चेक डैम, 571 कुआँ निर्माणध्जीर्णोद्धार, 52 सामुदायिक तालाब निर्माण, 77 सामुदायिक तालाब जीर्णोद्धार तथा 1316 अन्य कार्य कराए गए हैं। इसके अतिरिक्त 84 हेक्टेयर भूमि का समतलीकरण तथा लगभग 496 हेक्टेयर भूमि पर पौधारोपण किया गया है, जिससे जल संरक्षण के साथ पर्यावरण संतुलन को भी मजबूती मिली है।

माननीय कृषि मंत्री ने बताया कि उत्पादन प्रणाली घटक के अंतर्गत अब तक परियोजना क्षेत्र के 1,40,344 किसानों को विभिन्न माध्यमों से लाभान्वित किया गया है। वहीं, जीविकोपार्जन गतिविधियों के तहत 9,953 जीविका समूहों को चक्रीय राशि प्रदान कर मधुमक्खी पालन, सब्जी उत्पादन, सिलाई केंद्र, पत्तलध्प्लेट निर्माण सहित विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जोड़ा गया है।

श्री राम कृपाल यादव ने कहा कि जलछाजन कार्यक्रम केवल जल और भूमि संरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण समुदाय को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का प्रभावी माध्यम बन रहा है। इस योजना से गांवों में समृद्धि आ रही है, किसानों की आय बढ़ रही है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिल रही है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों की समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है और आने वाले समय में इस यो

––––––––––––––––––